





# ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने बीपीएचयू यूनिट का किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 10 जुलाई।** मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव में स्थापित नवीन ब्लॉक पब्लिक

**बोले अब नहीं जाना पड़ेगा जिला मुख्यालय**

हेल्थ यूनिट बीपीएचयू का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम नवनीत शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या



में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नवीन रूप से स्थापित इस यूनिट में भूतल पर आधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त दो नवीन कक्ष, एक वेटिंग रूम और प्रथम तल पर विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य डेटा रिपोर्टिंग के लिए केंद्रीय कार्यालय की व्यवस्था की गई है। यूनिट को आधुनिक मशीनों और किट आधारित जांच प्रणाली से लैस किया गया है, जिससे अब मरीजों को सामान्य जांचों के लिए जिला मुख्यालय की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर मंत्री राकेश शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि बीपीएचयू यूनिट का शुभारंभ मेहगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को उसकी पहुंच के भीतर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

यह यूनिट उसी सोच का परिणाम है, जहां एक ही छत के नीचे मरीजों को विभिन्न जांचें और सुविधाएं मिल सकेंगी। ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि यहां हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, टायफाइड, यूरिन जांच, मल परीक्षण, टीबी, एचआईवी/एचसीवी, मलेरिया, डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों की जांच स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी। इससे रोगों की त्वरित पहचान, समय पर उपचार और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। मंत्री श्री शुक्ला ने लोगों से आह्वान किया कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी आदत में शामिल करें। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि यूनिट की हर सुविधा को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाते हुए कार्य करें, जिससे इसका लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंच सके। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी यूनिट का निरीक्षण किया और मरीजों से संवाद कर उनके अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री शुक्ला ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यूनिट मेहगांव की स्वास्थ्य सेवाओं में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# अटेर-जैतपुर मार्ग पर चंबल पुल से यातायात प्रतिबंधित, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** जिले के अटेर-जैतपुर मार्ग पर स्थित चंबल नदी पर निर्माणाधीन पुल पर यातायात को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह निर्णय जिला दण्डाधिकारी संजीव श्रीवास्तव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत लिया गया है, जिसका आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

लोक निर्माण विभाग (सेतु संभाग, ग्वालियर) द्वारा सूचित किया गया है कि किलोमीटर 3/8 से 4/8 के मध्य चंबल नदी पर पुल की लंबाई बढ़ाने का कार्य प्रगतिरत है। कार्यपालन यंत्री द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया कि इस निर्माणाधीन पुल पर आम नागरिकों द्वारा अनैतिक रूप से आवागमन किया जा रहा है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जिला प्रशासन ने इसे जनहित एवं जनसुरक्षा से जुड़ा मामला मानते हुए यह प्रतिबंधात्मक आदेश एकपक्षीय रूप से जारी किया है, क्योंकि प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिगत सूचना देना संभव नहीं है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने तक संबंधित पुल पर किसी भी प्रकार का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**इन विभागों को मिली जिम्मेदारी**

पुलिस अधीक्षक भिंड, जिला परिवहन अधिकारी, खनिज अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अटेर को उक्त आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 सहित अन्य यातायात अधिनियमों एवं विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश भिंड जिले के प्रत्येक नागरिक/व्यवसायी/वाहन चालक पर लागू होगा। प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की सलाह दी है, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके और निर्माण कार्य बिना बाधा के शीघ्र पूर्ण हो सके।

# ड्यूटी के दौरान श्रमिक की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में ड्यूटी के दौरान शिशुपाल जाटव पुत्र रामनारायण निवासी आनंद भरण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह हादसा बुधवार देर रात करीब 1 बजे घटित हुआ, जब मृतक टॉयलेट के लिए गया और फिर लौटकर अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंचा।

काफी देर तक जब वह नहीं लौटा, तो ठेकेदार द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि वह टॉयलेट गया था। जब लोग टॉयलेट पहुंचे तो शिशुपाल बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। तत्काल कंपनी प्रबंधन द्वारा उसे बिरला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर होने पर जयारोग्य अस्पताल ग्वालियर रेफर कर दिया। लेकिन ग्वालियर पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्रारंभिक



जांच में बताया कि मृत्यु का कारण ब्रेन हेमरेज (ब्रेन अटैक) है। पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक का शव परिजनों को सौंपा गया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने मृतक का शव कंपनी के मुख्य गेट पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और मुआवजे की मांग की।

**परिजनों को मिला आश्वासन :** काफी देर तक प्रदर्शन चलता रहा, जिसके बाद कंपनी प्रबंधन ने परिजनों से बातचीत की और राहत स्वरूप सहायता की घोषणा की। मृतक की दो बेटियों के नाम पर 51-51 हजार रुपए की राशि देने का वादा किया गया। पत्नी के नाम 1 लाख की सहायता राशि देने की भी सहमति बनी। इसके अलावा मृतक के पीएफ, ईएसआई व अन्य सरकारी लाभों की प्रक्रिया में भी कंपनी सहयोग करेगी।

**मृतक को था अस्थमा :** सूत्रों के अनुसार मृतक को अस्थमा की बीमारी थी और उसकी जेब से अस्थमा की दवा और इनहेलर भी मिला है। ऐसे में यह आशंका भी जताई जा रही है कि ब्रेन अटैक और अस्थमा के कारण उसकी स्थिति अचानक बिगड़ी।

**प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों की मौजूदगी :** घटना की जानकारी मिलते ही रामप्रीत कंसाना, आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता, गोहद एसडीओपी सौरभ कुमार, मालनपुर थाना उप निरीक्षक बलवंत यादव, निरीक्षक गीता सिकरवार, नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, पटवारी संजय शर्मा, आदित्य कुशवाह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों ने अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली है।

प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मृतक के परिवार को शासन की योजनाओं के तहत सहायता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर हुआ गुरुजनों का सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर

**ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने किया पौधारोपण**

माध्यमिक विद्यालय मेहगांव में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर एक गरिमामयी गुरु वंदन एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला थे। इस मौके पर विद्यालय परिसर में गुरु-शिष्य परंपरा को सम्मानित करते हुए शिक्षकों का सार्वजनिक रूप से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम नवनीत शर्मा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**गुरुजनों का सम्मान, संस्कृति की पुनर्पुष्टि :** अपने उद्बोधन में मंत्री शुक्ला ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमारी सनातन परंपरा का प्रतीक है। गुरु ही जीवन में दिशा देते हैं, और सेवा, सत्य व संस्कारों के बीज बोते हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम हैं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया।

**एक पेड़ मां के नाम -प्रकृति के प्रति भावपूर्ण संकल्प**

कार्यक्रम के दूसरे भाग में मंत्री शुक्ला ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और मां के प्रति श्रद्धा का भाव है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अपनी माँ के नाम लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू किया गया एक जनजागृति प्रयास है, जो पर्यावरण संरक्षण और भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देता है। इस मौके पर एसडीएम नवनीत शर्मा, विद्यालय स्टाफ, मंत्री प्रतिनिधि मंडल, स्थानीय समाजसेवी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और पालकगण मौजूद रहे।

# विधायक कुशवाह ने सीएम से की भेंट



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भिंड विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने हाल ही में भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं और विकास योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया।

विधायक कुशवाह ने भिंड विधानसभा क्षेत्र में जनता की ओर से लंबे समय से उठाए जा रहे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जिनमें नगर पालिका भिंड को नगर निगम का दर्जा, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, गौरी सरोवर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सड़क समस्याएं, पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और अन्य जनहित के मुद्दे शामिल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक कुशवाह द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन विषयों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता की सेवा और क्षेत्रीय विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है, और भिंड जैसे ऐतिहासिक एवं संवेदनशील क्षेत्र के समग्र विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भेंट के दौरान विधायक कुशवाह ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गुरु पूर्णिमा पर दंदरौआ धाम में भक्ति की गूंज, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** जिलेभर में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों पर भंडारों के साथ भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर शिष्यों ने गुरु आश्रम पहुंचकर उनके चरण छुए

**शहर सहित अंचल में गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का हुआ आयोजन**

और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद लिया।

गुरुपूर्णिमा पर्व पर जिलेभर के मंदिरों और गुरु आश्रमों पर शिष्यों की काफी भीड़ रही। पूर्णिमा होने के चलते लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान कर पर्व लेने की परंपरा का निर्वाहन किया। इसके बाद गुरु आश्रम पहुंच कर यहां चल रहे भंडारों में प्रसादी ग्रहण की। जिले के दंदरौआ धाम, रावतपुरा धाम,



सीताराम टेकरी, खनेता आश्रम आदि पर भक्तों की भारी भीड़ दिखाई की। मंदिर प्रबंधन की ओर से इन सभी जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त कर किया।

**रावतपुरा धाम पहुंचे श्रद्धालु :** लहार के रावतपुरा धाम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। वहीं गढ़ी सरकार मंदिर के महंत और हनुमान मंदिर ग्राम मेहरा के महंत के सानिध्य में धार्मिक आयोजन हुए। इसके साथ श्रद्धालुओं ने धार्मिक संगीत कर गुरुपूर्णिमा का आनंद लिया।

महामण्डलेश्वर रामदास महाराज ने गुरु पूर्णिमा पर अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु वह तत्व है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। जैसे वर्षा भूमि को शीतलता और जीवन देती है, वैसे ही गुरु की कृपा साधक को शांति, भक्ति और आत्मज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण से ही साधक का जीवन सार्थक होता है। गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक शुक्ला भी आश्रम पहुंचे और गुरुजी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मंदिर परिसर में रामवरन पुजारी, जलज त्रिपाठी, पवन शास्त्री, प्रमोद चौधरी, नरसी दद्दा सहित अनेक प्रमुख सेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सभी व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल, चिकित्सा एवं ट्रैफिक प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन न केवल गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान रहा बल्कि जिले की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को भी एक नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।

**खनेताधाम में रही भीड़भाड़ :** गोहद क्षेत्र के खनेताधाम मंदिर पर पूर्णिमा के दिन मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां हजारों श्रद्धालुओं ने खनैता पहुंचकर आशीर्वाद लिया। आश्रम पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के रास्ते पर लोग भक्तों को शीतल जल पिला रहे थे। वहीं मौ क्षेत्र स्थित सीताराम टेकरी आश्रम पर गुरु की समाधि का पूजन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे।

**दंदरौआधाम पहुंचे श्रद्धालु**

जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल दंदरौआ धाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को पूरे दिन आध्यात्मिक कार्यक्रमों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु दूर-दूर से महामण्डलेश्वर रामदास महाराज के आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने गुरुचरणों में वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में पुजा-पाठ, मंत्रोच्चार, हवन, भजन कीर्तन और दीक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर गुरु महाराज से आशीर्वाद एवं दीक्षा प्राप्त की। गुरु आश्रम में भक्तों ने शॉल, श्रीफल, मालाएं अर्पित कीं और गुरु सेवा के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए। दीक्षा लेने वालों में युवाओं और महिलाओं की बड़ी संख्या देखी गई। आश्रम के शिष्यगणों द्वारा भक्तों के लिए प्रसादी भंडारे की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी।



# पूर्व विधायक के निधन पर कैबिनेट मंत्री सहित कई नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, लोकतांत्रिक सेनानी एवं अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय शिवशंकर समाधिया के निधन पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डाक बंगला रोड स्थित उनके निवास पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

मध्य प्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने स्व. समाधिया के निवास पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्व. शिवशंकर समाधिया ने कांग्रेस की गलत नीतियों का विरोध करते हुए लोकतांत्रिक सेनानी के रूप में अपनी भूमिका निभाई थी। वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर आंदोलन में सक्रिय रहे और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाते हुए जेल भी गए। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष और सेवा की मिसाल है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, मध्यप्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नितेश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि स्व. समाधिया का समर्पण, साहस और सादगी जनसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय रहेगा। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने न केवल राजनीति बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जाना अटेर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# गुरुपूर्णिमा पर सेवा की मिसाल बनीं जैन मिलन महिला चन्दना शाखा भिंड की बहनें

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर जहां देशभर में श्रद्धा और भक्ति के विविध आयोजन हुए, वहीं जैन मिलन महिला चन्दना शाखा, भिंड ने इस पर्व को सेवा का स्वरूप देकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था की सदस्याओं ने जिला चिकित्सालय परिसर में खिचड़ी वितरण कर जरूरतमंदों



को भोजन कराया और गुरु भक्ति को सामाजिक सेवा में बदलने का भावनात्मक संदेश दिया।

इस सेवा कार्य में विशेष रूप से राखी जैन क्षेत्रीय संयोजिका, नीतू जैन पहाड़िया संस्थापिका, सुनीता जैन अध्यक्ष सहित अल्का जैन, अनीता जैन, अंजू जैन, रूबी जैन और अन्य समर्पित सदस्याएं सक्रिय रूप से शामिल रहीं। अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने इस सेवा के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थापिका नीतू जैन पहाड़िया ने कहा कि गुरुपूर्णिमा केवल श्रद्धा का पर्व नहीं, यह आत्मचिंतन, सेवा और समाज के प्रति कर्तव्य निभाने का अवसर है। जब हम किसी जरूरतमंद की भूख शांत करते हैं, तो वही सच्चे गुरु को अर्पण की गई भक्ति होती है।

## मंत्री शुक्ला ने छात्र-छात्राओं के साथ किया पौधारोपण

**मेहगांव, 10 जुलाई।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय मेहगांव परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ पौधारोपण किया तथा उपस्थित जनों से पर्यावरण संरक्षण हेतु इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ अभियान नहीं, प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। इसलिए एक पेड़ अपनी मां के नाम और धरती को हरा-भरा बनाएं।

# गुरुजन शिष्यों को जीवन के सर्वोच्च आदर्शों से जोड़ते हैं : शुक्ला

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुजनों

**गुरुजनों का सम्मान कार्यक्रम सांदीपनि शास. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय मेहगांव में हुआ आयोजित**

का सम्मान कार्यक्रम सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय मेहगांव में आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य



विजय सिह कुशवाह,प्रदीप कुमार शर्मा,केके शर्मा, राजाराम राठौर, शिक्षक एवं शिक्षिका और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हम हार्दिक श्रद्धा के साथ उन महान गुरुजनों का सम्मान करते हैं जो शिष्यों के व्यक्तित्व को मूल्यों, सेवा और सत्य से आकार देते हैं और उन्हें जीवन के सर्वोच्च आदर्शों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व हमारी सनातन गुरु-शिष्य परम्परा का प्रतीक है।

यह हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। गुरु वंदन कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं, जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत और सशक्त होती है। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समृद्धि को दर्शाने वाला एक अनूठा प्रयास है, जो गुरुजनों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।